# जनपद शामली पुलिस

**--सोशल मीडिया सेल शामली--**

**प्रेस विज्ञप्ति** **दिनांक 10.08.2024**

**थाना कोतवाली शामली पुलिस व एसओजी टीम की संयुक्त कार्यवाही में नाबालिग को बहला फुसालकर ले जाने व दुष्कर्म के मामले में वांछित 25,000-25,000/- रूपये के ईनामी अभियुक्त व अभियुक्ता गिरफ्तार।**

ज्ञात हो कि दिनांक 01.07.2015 को थाना कोतवाली शामली क्षेत्रान्तर्गत नाबालिग को बहला फुसालकर ले जाने के सम्बन्ध में पीड़िता के परिजन द्वारा नामजद लिखित तहरीर दाखिल की गयी थी। दाखिला तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली शामली पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था। फरार अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक शामली द्वारा 25-25 हजार रुपये का पुरस्कार घोषित किया गया था। अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु टीमें लगाकर गिरफ्तारी हेतु प्रयास किये जा रहे थे।

इसी क्रम में आज दिनांक 10.08.2024 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री राम सेवक गौतम के आदेशानुसार चलाये जा रहे वांछित/इनामी/फरार अपराधियों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन में तथा क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली शामली पुलिस व एसओजी टीम की संयुक्त कार्यवाही में थाना क्षेत्रान्तर्गत नाबालिग को बहला फुसलाकर ले जाने व दुष्कर्म के मामले में वांछित 25,000-25,000/- रूपये के ईनामी अभियुक्त व अभियुक्ता को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना कोतवाली शामली पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। अभियोग से सम्बन्धित अपहर्ता को पूर्व में ही बरामद कर घटना में संलिप्त 02 अन्य अभियुक्त नफीस, तालिब को पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

**नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्त/अभियुक्ताः-**

1.रिजवान पुत्र ताहिर निवासी ग्राम जौला थाना बुढ़ाना जनपद मुजफ्फरनगर।

2.सीमा पत्नी रिजवान निवासी ग्राम जौला थाना बुढ़ाना जनपद मुजफ्फरनगर।






**थाना थानाभवन पुलिस द्वारा नाबालिग से छेड़छाड़ के मामलें में वांछित 01 अभियुक्त गिरफ्तारः-**

आज दिनांक 10.08.2024 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री राम सेवक गौतम के आदेशानुसार चलाये जा रहे महिलाओं के विरूद्ध अपराध की रोकथाम एवं महिला अपराधों से संबंधित वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी थानाभवन के निकट पर्यवेक्षण में थाना थानाभवन पुलिस द्वारा नाबालिग से छेड़छाड़ के मामले में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना थानाभवन पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

ज्ञात हो कि थाना थानाभवन क्षेत्रान्तर्गत नाबालिग से छेड़छाड़ के मामले में पीडिता के परिजन द्वारा दिनाँक 05.08.2024 को थाना थानाभवन पर लिखित तहरीर दी गयी थी। दाखिला तहरीर के आधार पर थाना थानाभवन पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था।

**नाम पता गिरफ्तार अभियुक्तः-**

1.विकास पुत्र ठाठ सिंह निवासी ग्राम नौजल थाना थानाभवन जनपद शामली।



**थाना कैराना पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम मण्डावर में जानलेवा हमला करने व नाबालिग के साथ छेड़छाड़ के मामले में वांछित 01 अभियुक्त गिरफ्तारः-**

ज्ञात हो कि दिनांक 08.08.2024 को वादिया श्रीमती जमशीदा पत्नी शमशाद निवासी ग्राम मण्डावर थाना कैराना जनपद शामली नें अभियुक्तगण द्वारा गाली गलौज, मारपीट कर जानलेवा हमला करने नाबालिग के साथ छेड़छाड़ करने के सम्बन्ध में थाना कैराना पर लिखित तहरीर दाखिल की थी। दाखिला तहरीर के आधार पर थाना कैराना पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया था। थाना कैराना पुलिस द्वारा घटना में लिप्त अभियुक्तगण की तलाश की जा रही थी।

इसी क्रम में आज दिनांक 10.08.2024 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री राम सेवक गौतम के आदेशानुसार चलाये जा रहे अपराध की रोकथाम एवं अपराध में लिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कैराना के निकट पर्यवेक्षण में थाना कैराना पुलिस द्वारा कैराना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम मण्डावर में जानलेवा हमला करने व नाबालिग के साथ छेड़छाड़ के मामले में वांछित 01 अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना कैराना पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। शेष अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु टीमें लगाई गयी है, शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित की जायेगी।

**नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-**

1.आस मौहम्मद उर्फ आशु पुत्र मिन्ना निवासी ग्राम मण्डावर थाना कैराना जनपद शामली।

**आपराधिक इतिहासः-**

1.मु0अ0सं0 458/2024 धारा 191(2)/191(3)/190/115(2)/109/74/333/352/351(2)(3) बीएनएस थाना कैराना जनपद शामली।



**थाना कैराना पुलिस द्वारा दहेज हत्या के मामले में वाछिंत अभियुक्त गिरफ्तारः-**

आज दिनांक 10.08.2024 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री राम सेवक गौतम के आदेशानुसार चलाये जा रहे महिलाओं के विरूद्ध अपराध की रोकथाम एवं महिला अपराधों से संबंधित अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी कैराना के निकट पर्यवेक्षण में थाना कैराना पुलिस द्वारा दहेज हत्या के मामले में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना कैराना पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

ज्ञात हो कि दिनांक 04.08.2024 को कैराना क्षेत्रान्तर्गत दहेज हत्या के संबंध में मृतका के परिजनो द्वारा थाना कैराना पर लिखित तहरीर दी गई। दाखिला तहरीर के आधार पर थाना कैराना पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया। पुलिस अधीक्षक शामली द्वारा घटना में लिप्त अभियुक्तगण की शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश प्रभारी निरीक्षक कैराना को दिये गये थे।

**नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-**

1.शाहनवाज पुत्र नूरदीन उर्फ नूर मौहम्मद निवासी मौहल्ला रेतेवाला कस्बा व थाना कैराना जनपद शामली।



**<u>थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा 01 चोर गिरफ्तार, कब्जे से चोरी किया गया सामान बरामदः-</u>**

ज्ञात हो कि दिनांक 16.06.2024 को वादी श्री सन्दीप मलिक पुत्र श्री वेदपाल सिंह निवासी ग्राम बहावड़ी थाना कोतवाली शामली जनपद शामली हाल पता दयानन्द नगर थाना कोतवाली शामली जनपद शामली के निर्माणधीन मकान से चोरी कर लेने के सम्बन्ध में थाना कोतवाली शामली पर तहरीर दाखिल की गई थीं । दाखिला तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली शामली पर सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत किया गया था ।

इसी क्रम में आज दिनांक 10.08.2024 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री राम सेवक गौतम के आदेशानुसार चलाये जा रहे संदिग्ध वाहन/व्यक्ति की चैकिंग अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल नेतृत्व में थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा 01 चोर को चोरी किये गये सामान (लोहे का गाटर) सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है । गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कोतवाली शामली पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है ।

**<u>नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-</u>**

1.राहुल कश्यप पुत्र ओमदत्त निवासी मौहल्ला दयानन्द नगर थाना कोतवाली शामली जनपद शामली ।

**<u>बरामदगी का विवरणः-</u>**

1.चोरी किया हुआ सामान (लोहे का गाटर) ।



**<u>थाना बाबरी पुलिस द्वारा वांछित/वारण्टी/एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 01 एनबीडब्ल्यू/वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तारः-</u>**

आज दिनांक 10.08.2024 को पुलिस अधीक्षक शामली के आदेशानुसार चलाए जा रहे वांछित/वारंटी/एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में थाना बाबरी पुलिस द्वारा वांछित/वारंटी/एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 01 एनबीडब्ल्यू/वारण्टी अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। अभियुक्त की गिरफ्तारी के संबंध में थाना बाबरी पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-

1.इस्लाम पुत्र नसीरा निवासी ग्राम बन्तीखेडा थाना बाबरी जनपद शामली।



**<u>SOCIAL MEDIA CELL SHAMLI</u>**